तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 21 सितंबर 2025




12 नवरात्रि से पहले मां बमलेश्वरी के दर्शन को ...


12 रजत जयंती वर्ष पर सेमिनार का आयोजन,...




# सांसद ने दिया केंद्रीय गृहमंत्री को बस्तर दशहरा पर्व में सम्मिलित होने का न्योता

## अमित शाह 4 अक्टूबर को सीरासार भवन में आयोजित बस्तर संसद मुरिया दरबार मे होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर की गौरवशाली सामाजिक और सांस्कृतिक परंपरा के संरक्षण के लिए बस्तर सांसद एवं दशहरा समिति अध्यक्ष महेश कश्यप के नेतृत्व में दशहरा समिति के प्रतिनिधिमंडल मांझी-चालकी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा में सम्मिलित होने के लिए स्नेहपूर्ण आमंत्रण दिया। आमंत्रण के दौरान गृहमंत्री अमित शाह को पारंपरिक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया, साथ ही आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की छायाचित्र भी भेंट की गई l गृह मंत्री अमित शाह ने स्नेहपूर्ण आमंत्रण स्वीकार करते हुए बस्तर सांसद सहित दशहरा समिति के प्रतिनिधिगण को धन्यवाद ज्ञापित कर समस्त बस्तर वासियों को विश्व प्रसिद्ध दशहरे की शुभकामनाएं दी। यह आमंत्रण बस्तर की ऐतिहासिक और लोकतांत्रिक परंपराओं को सहेजने और आगे बढ़ाने तथा आम जनता की समस्याओं और सुझावों को सीधे सुनने की परंपरा को बनाए रखने के उद्देश्य से दिया गया। मुरिया दरबार का आयोजन 4 अक्टूबर को सिरहासार भवन में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्यगणों में वनमंत्री केदार कश्यप समेत अन्य मंत्री जनप्रतिनिधि और देश एवं प्रदेश के अन्य गणमान्य नेता उपस्थित रहेंगे। राज्य गठन के बाद यह पहला अवसर है, जब केंद्रीय गृहमंत्री बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार में जनता की बात ⏭ शेष पेज 12 पर



### मुरिया दरबार की ऐतिहासिक परंपरा

मुरिया विद्रोह के पश्चात 8 मार्च 1876 से मुरिया दरबार की परंपरा प्रारंभ हुई। यह दरबार जनता और तत्कालीन राजा के बीच सीधे संवाद का प्रमुख माध्यम रहा। उस समय बस्तर के गाँवों के प्रमुख मांझी-चालकी अपनी समस्याएं और सुझाव दरबार में रखकर तत्कालीन शासन से समाधान प्राप्त करते थे। आज स्वतंत्र और लोकतांत्रिक भारत में मुरिया दरबार की परंपरा जनप्रतिनिधियों और लोकतांत्रिक पदों पर आसीन व्यक्तियों तक समस्याएं पहुंचाने का माध्यम बनी हुई है। इस बार यह अवसर और भी विशेष होगा क्योंकि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहली बार मुरिया दरबार में उपस्थित होकर मांझी चालकी द्वारा प्रस्तुत समस्याओं और सुझावों को प्रत्यक्ष रूप से सुनेंगे और उनकी गंभीरता को समझेंगे। इस अवसर पर बस्तर सांसद एवं दशहरा समिति अध्यक्ष महेश कश्यप,उपाध्यक्ष बलराम कश्यप,तथा मांझी चालकी गण मंगलू ठाकुर,बिरोसिंग, डमरू राम और कुहरामी चालकी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने राज्यपाल पुरस्कार सम्मानित शिक्षकों की दी बधाई



**बीजापुर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर राजधानी में द्वारा पुरस्कृत जिले के दो शिक्षक अरुण सिंह व्याख्याता और जगदीश्वर तोर्रेम प्रधान अध्यापक को कलेक्टर संबित मिश्रा ने उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला कार्यालय में कलेक्टर से मुलाकात कर शिक्षकों ने अपने शैक्षणिक उपलब्धियों से अवगत कराया और भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा मेहनत पर बल दिया। इस अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिले के दोनों शिक्षकों से उनके उपलब्धि पूर्ण कार्यकाल की जानकारी प्राप्त की और अपनी उपलब्धियों से अन्य शिक्षकों को प्रेरित करने को कहा। गौरतलब है अरुण सिंह हाई स्कूल ईटपाल में और जगदीश्वर तोर्रेम बालक आश्रम एडापल्ली सैंड्रा में कार्यरत होकर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी भूमिका का प्रभावी निर्वहन कर रहे है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चैबे ने भी शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया।

### तंबाकू नियंत्रण अभियान 13 दुकानों का चालान



**दंतेवाड़ा।** जिले में तंबाकू सेवन पर रोक लगाने और कानून का पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। इस क्रम में कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर गठित टीम द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विगत दिवस को विकासखंड में संचालित दुकानों की जांच किया गया। इस दौरान प्रतिबंधित सिगरेट और तंबाकू उत्पादों की बिक्री पाए जाने पर 13 दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की गई तथा 1670 रुपये का चालान वसूला गया। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की देखरेख में गठित टीम ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि वे आगे से तंबाकू उत्पादों का प्रदर्शन और विज्ञापन न करें। साथ ही उन्हें यह भी समझाया गया कि तंबाकू की बिक्री और प्रचार-प्रसार पर नियंत्रण समाज के स्वास्थ्य हित में आवश्यक है। अधिकारियों ने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्यवाही के दौरान जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. अमन सिंह, ड्रग इंस्पेक्टर सौरभ जैन, जिला सलाहकार एनसीडी कार्यक्रम अंकित सिंह तथा दंतेवाड़ा थाना पुलिस दल मौजूद रहे।

### एनएचएम कर्मचारी संघ की बेमियादी हड़ताल स्थगित



**जगदलपुर।** प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रान्तीय आव्हान पर अपने लंबित 10 सूत्रीय मांगो के लिए 18 अगस्त से अनिश्चितकालिन हडताल एवं धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। इसके तारतम्य में राज्य स्तर पर संघ के प्रांन्तीय टीम स्वास्थ्य मंत्री एवं परिवार कल्याण विभाग के मध्य हुई चर्चा उपरान्त विभिन्न मांगों में हुई सहमति तथा मुख्य मांगों पर समिति के रिर्पोट प्राप्त होने तक 3 माह के निर्धारित समय में मांगों को पूरा करने के अश्वासन पर प्रान्त स्तर से वर्तमान में अनिश्चितकालीन हडताल को स्थगित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसलिए कर्मचारी 20 सितंबर को अपने कार्य में उपस्थिति दे रहे हैं। इसकी सूचना कर्मचारी संघ ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को लिखित में दी।

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के रविवार को एक दिवसीय बस्तर प्रवास को देखते हुए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल गीदम रोड स्थित वन विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर संजय पांडे, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, ऋषिकेश तिवारी, प्रवीण कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

## पत्रवार्ता: नवरात्रि पर्व में निजी स्थल पर गरबा आयोजन का विहिप करेगा विरोध

# सनातन विरोधी मानसिकता के लोगों का पवित्र त्योहार में खिलवाड़, नहीं किया जाएगा बर्दाश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- पवित्र कार्यक्रम में अभद्रता, अश्लीलता, फूहड़ता से सनातन धर्म का अपमान

नवरात्रि पर्व के दौरान शहर में किसी भी निजी स्थल पर गरबा के आयोजन का विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल एवं समस्त सनातनी किसी भी रूप में सहन नहीं करेंगे। सनातन विरोधी मानसिकता के लोग पवित्र पर्व के साथ खिलवाड़ करना चाह रहे है, ऐसे कुकृत्य के पीछे की मानसिकता समझ आती है, जिसे बरदास्ता नहीं करेंगे। उक्त बातें परिषद के जिला अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता, परिषद के योगेन्द्र कौशिक, नवीन देवांगन, रवि ब्रम्हचारी, शक्ति सिंह, प्रतीक मुन्ना, लखेश्वर, पवन आदि शनिवार को सीताराम शिवालय में आयोजित पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पावन पर्व पर सनातन धर्म के अनुयायियों द्वारा जगह-जगह पर मां दुर्गा प्रतिमा स्थापना कर उपासना के पर्व श्रद्धा व आस्था के भाव से पूर्ण समर्पण का पर्व मनाया जाता है। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर गरबा का आयोजन किया जाता है जो अति पवित्र होता है। इस कार्यक्रम को व्यवसायिक रूप देकर आयोजन किया जा रहा है। ऐसे आयोजनों में प्रायोजक गैर सनातनियों को सम्मिलित किया गया है, ऐसी सूचना प्राप्त हुई जिससे पवित्र कार्यक्रम के साथ अभद्रता, अश्लीलता, फूहड़ता आदि अनैतिकता सनातन धर्म के पवित्र पर्व का अपमान है। सनातन विरोधी मानसिकता के लोग पवित्र पर्व के साथ खिलवाड़ करना चाह रहे है, ऐसे कुकृत्य के पीछे की मानसिकता समझ आती है, जिसे विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल एवं समस्त सनातनी किसी भी रूप में सहन नहीं करेंगे। साथ ही जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से उम्मीद करती है कि ऐसे आयोजन नगर में कहीं भी न हो पाए जिससे सनातनियों को चोट पहुंचे। इस आस्था के अति पवित्र पर्व पर नगर के सभी सनातनियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने आस्था के पर्व पर पूर्ण संयम का पालन करें। विश्व हिन्दू परिषद सदैव सनातनियों के हितों की रक्षा करने सदैव तत्पर रहता है, कहीं भी कभी भी किसी भी परिस्थिति में समाज के साथ सदा खड़ा रहता है। साथ ही देखा पाया गया कि प्राइवेट संस्था या व्यक्ति के द्वारा गरबा के आयोजन में आस्था को चोट पहुंचाने के कई के कार्य किए जाते हैं जैसे प्रसाद वितरण में कई जगह प्रसाद गिरे हुए पैर पर लगते हैं। इसी तरह दशहरा जो विश्व प्रसिद्ध सनातनी पर्व में प्रसाद वितरण का कार्य गैर सनातनी को पूर्व में दिया गया था व विश्व हिन्दू परिषद के विरोध के बाद किसी अन्य सनातनी को कार्य की जिम्मेदारी दी गई और अभी भी कुछ कार्य (पूजा से संबंधित) गैर सनातनी को जिम्मेदारी दी गई है। प्रशासन से आग्रह किया कि आगे से यह ध्यान रखें कि आस्था के पर्व के साथ किसी भी प्रकार का कोई समझौता न हो व पवित्र पर्व की मर्यादा भंग न हो। परिषद इस सभी उचित मांगों की तरफ से प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम व सभी सनातनियों से अपेक्षा है कि पर्व की मर्यादा किसी भी परिस्थिति में भंग न हो।



### मदिरा, मांस, मटन दुकानों को बंद करवाएं

उन्होंने कहा कि इस नवरात्रि पर्व पर शासन, प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम से मांग की कि मदिरा, मांस, मटन आदि दुकानों को या तो बंद करवा दें या अन्यत्र विस्थापित कर दें, जिससे पवित्र पर्व की मर्यादा अनुरूप आचरण हो पाए।

# सुकमा में सीआरपीएफ की मानवता से प्रसूता और नवजात की बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

एक समय घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में विख्यात पुवर्ती अब सकारात्मक बदलाव की नई तस्वीर पेश कर रहा है। गुरुवार को इसी बदलाव की मिसाल तब देखने को मिली जब थाना जगरगुंडा के अंतर्गत ग्राम पुवर्ती निवासी महिला मांडवी सुक्की गर्भावस्था के दौरान गंभीर दर्द की स्थिति में पुवर्ती फिल्ड अस्पताल पहुँची। महिला की हालत नाजुक देखते हुए 150वीं बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) पुवर्ती ने तत्परता दिखाते हुए एम्बुलेंस की व्यवस्था की और उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जगरगुंडा पहुँचाया। नियत समय में चिकित्सा सुविधा मिलने से प्रसूता और नवजात दोनों की जान सुरक्षित बचाई जा सकी।

इस पुनीत कार्य ने न केवल एक माँ और शिशु को जीवनदान दिया, बल्कि स्थानीय जनता के बीच प्रशासन और सुरक्षा बलों के प्रति विश्वास भी और मजबूत किया। कैम्प में तैनात डॉक्टर ग्रामीणों का नियमित निःशुल्क उपचार करते हैं और दवाइयाँ भी मुफ्त उपलब्ध कराते हैं, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच अब सीधे गाँव तक हो गई है।



### बदलाव की नई कहानी लिख रहा पुवर्ती

कभी नक्सल कमांडर हिड़मा के नाम से भयभीत करने वाले इस क्षेत्र में अब विकास और शांति की तस्वीर उभर रही है। ग्रामीण जहाँ पहले दहशत में जीते थे, वहीं अब सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएँ पहुँच रही हैं। गांव में आंगनबाड़ी भवन और स्कूल खुल चुके हैं और शिक्षा की नई रोशनी घर-घर तक पहुँच रही है। जिला प्रशासन और सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयास से पुवर्ती में बदलाव की बयार बह रही है। स्वास्थ्य सेवाएँ, शिक्षा, आधारभूत सुविधाएँ और सुरक्षा इन सबके समन्वय ने यह साबित कर दिया है कि शासन-प्रशासन की संवेदनशीलता और समर्पण से सबसे चुनौतीपूर्ण इलाकों में भी विकास और विश्वास का नया अध्याय लिखा जा सकता है।

# भूमिगत विद्युत लाइन कार्य जारी, 6 घंटे बंद रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विद्युत कंपनी की ओर से बस्तर दशहरा रथ परिक्रमा के लिए भूमिगत विद्युत लाईन कार्य किया जा रहा है। कार्य के दौरान शनिवार को 6 घंटे बिजली बंद रही, जिससे उपभोक्ता परेशान रहे। वहीं दूसरी ओर कंपनी परियोजना के कार्यपालन अभियंता सलीम खान, सहायक अभियंता नंदलाल कॉशी, जगदलपुर जोन के कार्यपालन अभियंता प्रदीप अग्रवाणी, सहायक अभियंता विनोद टंडन, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, चिराग साहू के नेतृत्व में दर्जन भर कर्मचारी सुबह से जुटे हुए है। शनिवार को भूमिगत विद्युत लाईन कार्य से हाता ग्राउंड, डीईओ कार्यालय, सेंट्रल लाइब्रेरी, रेंबो होटल, संजय बाजार, पैलेस रोड, मेन रोड, गोल बाजार, प्रतापगंज ⏭ शेष पेज 12 पर



# लगातार ड्यूटी पर अनुपस्थित एचएम निलंबित और दो इंक्रीमेंट में कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- डीईओ ने दुरुस्त अंचलों के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया

शनिवार को बस्तर जिला के डीईओ बलीराम बघेल और एबीईओ राजेश गुप्ता के द्वारा । जिसमें एक प्र धा न अध्यापक को निलंबन और दो को एक दिन वेतन कटौती और कारण बताओ नोटिस जारी किया।

सबसे पहले डीईओ बलीराम बघेल और उनकी टीम सुबह 7.30 बजे नवागुड़ा के शाला में पहुंचे जहां प्राथमिक और माध्यमिक दोनों शालाएं एक ही परिसर में लगती है।डीईओ और उनकी टीम को देखकर शिक्षक भी भौचक रह गए। प्रार्थना सभा में बच्चो के साथ प्रार्थना भी गाया। तातपश्चात क्लास में बच्चों से सामान्य ज्ञान के प्रश्न भी पूछे। कुछ ही बच्चे बेहिचक उत्तर दे पाए,जबकि अधिकांश चूप्पी साधी। इस पर शिक्षकों को प्रतिदिवस सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछने का सुझाव ⏭ शेष पेज 12 पर



# सभी की सहभागिता से स्वच्छता में शहर बनेगा नंबर वन : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- रजत जयंती वर्ष एवं स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत नगर निगम ने चलाया स्वच्छता अभियान

रजत जयंती वर्ष एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आज सुबह नगर निगम विभाग द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में एक साथ व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बैलाकोठा के सामने बालाजी वार्ड, स्वीपर कॉलोनी वीर सावरकर वार्ड, विवेकानंद आश्रम रोड अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड, मंगल भवन रोड नयामुंडा अम्बेडकर वार्ड, विद्यापति स्कूल के समीप राजेंद्र नगर वार्ड एवं सीताराम शर्मा गली शांति नगर वार्ड में सफाई कार्य किया गया। महापौर संजय पांडे ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर निगम लगातार शहर के प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता संबंधी गतिविधियों को आगे बढ़ा रहा है। सभी नागरिकों की सहभागिता से ही हम जगदलपुर को स्वच्छ और सुंदर बना सकते हैं। नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान को निरंतरता प्रदान करते हुए निगम वार्डवार सफाई कार्य कर रहा है। हमारा प्रयास है कि सभी वार्डों में ⏭ शेष पेज 12 पर



## पेनल अधिवक्ताओं, पैरालीगल वालिंटियर्स का हुआ रिफ्रेशर प्रशिक्षण

# विधिक सेवा प्राधिकरण ने दी केंद्रीय जेल के बंदियों को विधिक सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जेलों में बंदियों जिनकी सजा पूरी हो जाने पर भी उनके मुक्त न होने से कारावास की रोकथाम और जेल लीगल एड क्लीनिकों को मजबूत करने के संबंध में नालसा के दिशा-निर्देश के पालन किये जाने के संबंध में केन्द्रीय जेल जगदलपुर में स्थापित लीगल एड क्लीनिक में नियुक्त पैनल अधिवक्ताओं एवं पैरालीगल वालिंटियर्स सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चयनित पैरालीगल वालिंटियर्स को शनिवार को रिफ्रेशर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।

रिफ्रेशर प्रशिक्षण सत्र में शिव प्रकाश त्रिपाठी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जगदलपुर, सुश्री अंकिता कश्यप व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा नवीन कुमार ठाकुर डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम जगदलपुर द्वारा प्रशिक्षण सत्र में पैरालीगल वालिंटियर्स एवं जेल विजिटिंग लायर्स को प्रशिक्षण दिया गया। सत्र में न्यायाधीशों द्वारा एवं डिप्टी चीफ द्वारा पेनल अधिवक्ताओं एवं पैरालीगल वालिंटियर्स को जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के सुचारू रूप से संचालन के संबंध में बंदियों को विधिक सलाह प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें त्वरित विधिक सहायता प्राप्त करने, उनकी अपील तैयार करने के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सभी बंदियों को जेल प्रशासन की सहायता से उनकी समस्याओं से अवगत होने के निर्देश भी दिए। सत्र में आरआर राय जेल अधीक्षक, एसआर नायक सहायक जेल अधीक्षक, जेल प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी, पेनल अधिवक्ता एवं पैरालीगल वालिंटियर्स शामिल रहे।




### *केन्द्रीय जेल का किया निरीक्षण*

*मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा केन्द्रीय जेल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने जेल अधीक्षक से केन्द्रीय जेल के उद्योग, पाकशाला, निमार्णाधीन बैरकों एवं प्रशिक्षण केन्द्रों का जायजा लिया गया। उन्होंने जेल अधीक्षक, बंदियों को नियमानुसार न्यायालयों में नियमित रूप से उपस्थित रखे जाने का निर्देश दिया गया।*

# नशीली टेबलेट व सीरप जब्त सौदागर न्यायिक रिमांड पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- नशे के खिलाफ बस्तर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी
- एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज, आरोपी भेजे गए जेल

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बस्तर पुलिस ने नशे के सौदागरों को गिरफ्तार कर बड़ी संख्या में नशीली सिरप व टेबलेट बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया। नशीली दवा बेचने वालों की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर व कोतवाली थाना प्रभारी भोलासिंह राजपूत के नेतृत्व में टीम ⏭ शेष पेज 12 पर

खबर संक्षेप

## जैतपुरी विद्यालय में चला स्वच्छता ही सेवा अभियान



**कोण्डागांव।** भारत सरकार द्वारा दिनांक 17 सितंबर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक राष्ट्रव्यापी स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शा.उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी में स्वच्छता गतिविधियां निरन्तर जारी है। प्राचार्य राजेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में दिनांक 20.09.25 को शाला परिसर मेंस्वच्छ्ता ही सेवा अभियान चला कर, घासफूस, खरपतवार प्लास्टिक पन्नी की साफसफाई की गयी। इसके पूर्व 17 सितंबर को सभी विद्यार्थियों को कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश तिवारी ने स्वच्छता शपथ दिलाई। स्वच्छता अभियान में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन

**कोण्डागांव।** राज्य स्तरीय रोजगार मेले में हिस्सा लेने के इच्छुक सभी पंजीकृत उम्मीदवारों को यह सूचित किया जाता है कि मेले में भाग लेने से पहले रोजगार विभाग के वेब पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेट करना अनिवार्य है।जिन उम्मीदवारों का प्रोफाइल अभी तक पूरा नहीं हुआ है, वे इसे जल्द से जल्द अपडेट कर लें। इसके बाद ही जिला स्तर पर काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उम्मीदवार अपनी प्रोफाइल को अपडेट करने के लिए इन तरीकों का इस्तेमाल कर सकते हैं। खुद करें उम्मीदवार स्वयं रोजगार विभाग के वेब पोर्टल पर दिए गए लिंक के माध्यम से लॉग इन करके अपनी प्रोफाइल को पूरा कर सकते हैं। सहायता लें कोण्डागांव के सभी आईटीआई और रोजगार कार्यालय में रोज़ाना प्रोफाइल अपडेट करने का काम किया जा रहा है। उम्मीदवार वहाँ जाकर भी मदद ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार कार्यालय के फोन नंबर पर या व्यक्तिगत रूप से कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## उद्यमियों के विकास के लिए कार्यशाला 22 को

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ में रेजिंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के तहत, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कोण्डागांव द्वारा ई–मार्केटप्लेस और डिजिटल मार्केटिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 22 सितंबर 2025 को आहुजा पैलेस, रायपुर नाका, कोण्डागांव में सुबह 11 बजे से होगी। इस कार्यशाला का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, हस्तशिल्प और हथकरघा कारीगरों को अपने उत्पादों की बाजार तक पहुँच बढ़ाने के लिए जानकारी देना है। इसमें उन्हें निम्नलिखित विषयों पर मार्गदर्शन मिलेगा। ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म का उपयोग, विपणन सहायता, नेटवर्किंग के अवसर, उत्पादों की विजिबिलिटी –श्यता बढ़ाना, लॉजिस्टिक्स माल की ढुलाई समर्थन।

# नवरात्रि से पहले मां बमलेश्वरी के दर्शन को निकले 11 श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

शारदीय नवरात्रि के शुभारंभ से तीन दिन पहले कोंडागांव जिले के मुनगापदर मोहलई गांव के 11 श्रद्धालु मां बमलेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ की ओर नंगे पैर पदयात्रा पर निकले हैं। लगभग 300 किलोमीटर की इस कठिन यात्रा का उद्देश्य न केवल मां के दर्शन करना है, बल्कि क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना और समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी है।

अलग खबर

शनिवार सुबह फरसगांव पहुंचकर श्रद्धालु कुछ समय गुरुद्वारा में रुके और शाम 4 बजे पुनः यात्रा के लिए निकल पड़े। ये युवक वर्षों से दंतेश्वरी माई के दर्शन के लिए दंतेवाड़ा तक की पदयात्रा करते रहे हैं, लेकिन इस बार उन्होंने डोंगरगढ़ का रुख किया है। उनका मानना है कि यह यात्रा उन्हें एक नई आध्यात्मिक ऊर्जा और सामूहिक शक्ति का अनुभव कराती है।

ग्रुप में शामिल लछीन सोढ़ी, कांति लाल सोढ़ी समेत अन्य युवकों ने बताया कि वे प्रतिदिन 50 से 60 किलोमीटर तक पैदल चल रहे हैं, और यह यात्रा उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। गांव की संस्कृति, भक्ति भावना और सामाजिक जिम्मेदारी को लेकर उनकी यह पहल क्षेत्र में सराहना पा रही है।

### मुनगापदर मोहलई के युवाओं की 300 किमी लंबी पदयात्रा शुरू

**स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने कर रहे हैं पदयात्रा**

कोंडागांव जिले के ग्राम मोहलई मुनगापदर से पदयात्रा पर निकले युवकों ने बताया कि इस आधुनिक युग में लोग बहुत व्यस्त हो गए है और आधुनिक चीजों का उपयोग करते हैं आज लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी चिंतित नहीं है और ना ही अपने पर स्वास्थ्य का ध्यान दे रहे हैं, आज के दिन आदमी आलसी हो गया है और पुरा दिन बेकार की चीजों पर दिन गवा देते है। हमारा पैदल यात्रा का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य की प्रति जागरूक करना है, हर इंसान को रोज कम से कम दिन में 2 से 3 किलोमीटर पैदल चलना चाहिए जिससे की उनका स्वास्थ्य सही रहेगा और बहुत सारी बीमारियां भी उनसे दूर हो सकती है।



**पदयात्रा में ये है शामिल**

लचछीन सोढ़ी, कांतिलाल सोढ़ी, मुकेश सोढ़ी, गुड्डु सोढ़ी, तम्मू सोढ़ी, दिनेश नाग, नरेंद्र नाग, पूरन सोढ़ी, गिरधर कश्यप, भारत सोढ़ी, लकेश्वर सोढ़ी ये 11 युवक पदयात्रा कर बम्लेश्वरी माता के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ रवाना हुए है।

## सेमिनार : दंकारण्य महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत हुआ कार्यक्रम

# रजत जयंती वर्ष पर सेमिनार का आयोजन, युवाओं को मिली दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

शुक्रवार को दंकारण्य शासकीय महाविद्यालय, केशकाल में रजत जयंती महोत्सव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक विचारोत्तेजक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ राज्य की 25 वर्षों की विकास यात्रा से अवगत कराना और युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी का भाव विकसित करना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालयीन जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एवं नगर पंचायत के पार्षद भूपेश चंद्राकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रहीं पार्षद हीरा लक्ष्मी शाह, जबकि वरिष्ठ पत्रकार कृष्णदत्त उपाध्याय ने भी विद्यार्थियों को प्रेरक संबोधन दिया। सेमिनार के दौरान विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ के गठन से पूर्व और पश्चात की राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक परिस्थितियों की जानकारी दी गई।

■ छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा से विद्यार्थियों को कराया गया परिचित

मुख्य अतिथि भूपेश चंद्राकर ने कहा कि राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ ने जिन क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है, उसमें युवाओं की भूमिका अहम रही है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे आगे भी राज्य को प्रगतिशील बनाए रखने में भागीदारी निभाएं। पत्रकार उपाध्याय ने युवाओं को जीवन में नशा से दूर रहने, स्वच्छता अपनाने, और मोबाइल का सही उपयोग करने की सीख दी। उन्होंने लक्ष्य निर्धारण और कैरियर के प्रति जागरूकता को जीवन की दिशा तय करने में सबसे महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का समापन स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। इसमें क्विज, भाषण, पोस्टर मेकिंग और नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियों के जरिए विद्यार्थियों ने सामाजिक मुद्दों पर अपनी अभिव्यक्ति दी।



**छत्तीसगढ़ की विकास गाथा से युवाओं को कराया गया परिचित**

सेमिनार का केंद्रीय उद्देश्य था छत्तीसगढ़ राज्य के गठन से लेकर अब तक की 25 वर्षों की प्रगति को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत करना। इसमें राज्य की भौगोलिक, ऐतिहासिक, राजनीतिक और सामाजिक पृष्ठभूमि पर विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों को बताया गया कि राज्य की प्रगति में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, और रोजगार के क्षेत्रों में किस प्रकार के बदलाव आए हैं। यह जानकारी उन्हें न केवल अपने राज्य को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगी, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में उनके दृष्टिकोण को भी परिपक्व बनाएगी।

# बड़ेकनेरा पीएचसी में सफलतापूर्वक हुआ स्वास्थ्य सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ेकनेरा में "सशक्त नारी, स्वस्थ परिवार अभियान के तहत मिलकर चले, मिलकर बदले स्वास्थ्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान गर्भवती और धात्री महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें प्रसव पूर्व व उपरांत देखभाल तथा स्तनपान के महत्व पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में हरी सब्ज़ियाँ, दालें, गुड़ चना आदि आहार में शामिल करने पर जोर दिया गया ताकि एनीमिया और कुपोषण की समस्या कम हो। किशोरियों को माहवारी स्वच्छता की विशेष शिक्षा दी गई। सम्मेलन में एनीमिया, मलेरिया, एनसीडी और टीबी की स्क्रीनिंग की गई। साथ ही आयुष्मान कार्ड, बीबीआईडी पंजीयन और मेनोपॉज़ काउंसलिंग जैसी सेवाएँ भी महिलाओं को उपलब्ध कराई गईं। वक्ताओं ने छोटे परिवार को सुखी परिवार बताया और परिवार नियोजन सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा सशक्त नारी ही स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज की नींव है। महिलाओं का स्वास्थ्य पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ी से जुड़ा होता है।

■ मिलकर चले, मिलकर बदले थीम पर महिलाओं को दी गई स्वास्थ्य पोषण और स्वच्छता की शिक्षा

**विशेष उपस्थिति और सहभागिता** –इस मौके पर डॉ. शशि शेखर सिंह, सेक्टर पर्यवेक्षक द्रुपत राज सेठिया, रीता पटेल, सुनीता दुग्गे, प्रभु पोयाम, सरस्वती पोयाम और अस्ति मानिकपुरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और बड़ी संख्या में महिलाएँ सक्रिय रूप से शामिल हुईं। इस सम्मेलन ने ग्रामीण महिलाओं को यह संदेश दिया कि यदि महिला स्वस्थ है तो परिवार और समाज स्वतः मजबूत बनेगी।

# अवैध अतिक्रमण पर वन विभाग ने की कार्रवाई

**फरसगांव।** वन भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर वन विभाग ने फिर एक बार कार्यवाही किया है । वन विभाग की टीम ने वन ग्रामीणों मदद भी वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण की कोशिश को नाकाम किया गया है। अतिक्रमण कारियो के द्वारा वन भूमि पर खेती हेतु फसल लगाया गया था,जिसे सूचना मिलते ही गाय बैल से चराई कर फसल को नष्ट किया गया ।

■ ग्रामीणों की मदद से गाय बैल से चराई कर फसल को किया नष्ट





जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र बड़ेडोंगर परिसर के हरबाकोड़ो के कक्ष क्रमांक आरएफ 1033 मे अवैध अतिक्रमण व हल जुताई कर उडद, हिरवा, कुल्ती, फसल का खेती कार्य किया गया था। उक्त अतिक्रमित भूमि को छुड़ाने के संबंध में वन प्रबंधन समिति भंडारवंडी, छोटेटेमली, नाचनडीही, का संयुक्त रूप से बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें तीनों समितियों के अध्यक्ष, सदस्य, द्वारा यह निर्णय लिया गया कि फसल क्षेत्र को गाय, बैल से चराई कर फसल नष्ट करने प्रस्ताव सर्व सहमति से पारित किया गया तत्पश्चात फसल को नष्ट किया गया। एवं सभी 12 अतिक्रमणकारीयों को समझाइश व लिखित रूप में लेकर वनभूमि लगभग 10 हे. क्षेत्र को छुड़वाया गया है। इस दौरान वन प्रबंधन समिति भंडारवंडी, छोटेटेमली, नाचनडीही के समिति सदस्यों का विशेष योगदान रहा एवं प. र. हरबाकोड़ो, मांझीआठगांव, आलोर, मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने ईएमआरएस शामपुर भवन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज कोंडागांव के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ईएमआरएस शामपुर का निरीक्षण किया। वहाँ की व्यवस्थाओं में कमी पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को व्यवस्था में सुधार लाने के लिए कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, कलेक्टर ने विद्यालय में साफ–सफाई की कमी पाई। उन्होंने प्राचार्य और शिक्षकों को निर्देश दिया कि अगले 10 दिनों के भीतर सभी कमियों को दूर कर व्यवस्था को दुरुस्त करें। उन्होंने विद्यालय के परीक्षा परिणामों की जानकारी ली और छात्रें की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। इसके अलावा, कलेक्टर ने आवासीय कमरों और रसोईघर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने, दीवारों पर प्रेरणादायक पेंटिंग बनवाने और लैब के उपकरणों का सही उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई और सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग भी उपस्थित रहे।

■ 10 दिन के भीतर व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश



**छात्रवास भवनों का किया निरीक्षण**

कलेक्टर ने फरसगांव में निर्माणाधीन 50 सीट की कन्या छात्रवास भवन का निरीक्षण किया और शेष कायोंर् को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के लिए संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया। इसके साथ ही प्री मेट्रिक बालक छात्रवास बहीगांव का निरीक्षण करते हुए बच्चों से चर्चा की और आवासीय सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कम्प्यूटर के सामान्य ज्ञान के साथ एम एस ऑफिस की जानकारी देने के निर्देश दिए। साथ ही कम्प्यूटर कक्ष और स्टडी रूम की व्यवस्था के भी निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने एसएनसीयू ईकाई का निरीक्षण कर सुविधा विस्तार के दिए निर्देश

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य चिकित्सालय में एसएनसीयू ईकाई का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहां भर्ती शिशुओं के उचित देखभाल के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसएनसीयू वार्ड में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के लिए जीवन रक्षक उपकरण क्रय करने एवं आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही ऑक्सीजन प्लांट के सुचारू संचालन हेतु हेतु शीघ्र आवश्यक मरम्मत कार्य शुरू करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम अजय उरांव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रेम मंडावी सहित अस्पताल के चिकित्सकगण उपस्थित रहे।



## नगर पालिका ने रजत जयंती वर्ष पर चलाया विशेष स्वच्छता अभियान



**कोण्डागांव।** 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को डीएनके वार्ड में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, पार्षदगणों एवं नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी सभी श्रमदान का हिस्सा बने। 19 सितंबर को भी यह श्रमदान का कार्य जारी रहा, जिसमें नगर के मरारपारा, मोहम्मद नगर में कार्यकर्ताओं एवं अधिकारी कर्मचारी ओर वार्ड वासियों ने अपना योगदान दिया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश डे ने बताया कि 19 सितंबर से 26 सितंबर तक रजत जयंती विशेष स्वच्छता अभियान लोगों को मुख्य रूप से जागरूकता के लिए आयोजित की जा रही है। उक्त अभियान में नगरपालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ द्वारा नगर के लोगों से सहभागिता की अनुरोध की गई है।

## कलेक्टर ने कोंडागांव के आश्रम-छात्रवासों विद्यालयों का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज कोंडागांव विकासखंड के आश्रमों, छात्रवासों और विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की पढ़ाई, भोजन और आवासीय सुविधाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बालक आश्रम कारसिंग में बच्चों से बात कर उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधीक्षक और शिक्षकों को बच्चों में साफ–सफाई और अनुशासन की आदतें डालने को कहा। साथ ही, यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि बच्चे साफ–सुथरे स्कूल ड्रेस और जूते पहनकर आएँ। कलेक्टर ने सभी स्कूलों और आश्रमों में बिजली और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने सभी रसोईघरों को धुआँ–रहित बनाने के लिए गैस सिलेंडर की व्यवस्था करने को कहा।

■ साफ–सफाई और अनुशासन पर दिया जोर

**लापरवाही पर कार्रवाई**

*बालक आश्रम करियाकांटा के निरीक्षण के दौरान, बच्चों को दोपहर के भोजन में सब्जी नहीं मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने इसे बर्दाश्त न करने की बात कहते हुए प्राचार्य का एक महीने का वेतन रोकने का निर्देश दिया और मध्याह्न भोजन बनाने वाले समूह को हटाने के लिए कहा। कलेक्टर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मयूरडोंगर में शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया और आयुष्मान आरोग्य मंदिर करियाकांटा में स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रसव सुविधा और दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली और ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ देने के निर्देश दिए।*

## पेज 11 के शेष

**सांसद ने दिया...**

सीधे सुनेंगे।अमित शाह बस्तर दौरे पर 4 अक्टूबर को रहेंगे। इस दौरान मिशन 2026 के तहत नक्सल उन्मूलन अभियान पर भी विस्तृत चर्चा करेंगे।

**भूमिगत विद्युत लाइन...**

पारा एवं आसपास के क्षेत्र उपभोक्ता प्रभावित रहे।

**उपकेन्द्र में कटा जम्फर**-शहर के अवंतिका कॉलोनी स्थित उपकेन्द्र में जम्फर कटने से बिजली प्रभावित रही। जिसमें अवंतिका कॉलोनी, बोधघाट चौक, होटल अतिथि, नया बस स्टैंड, नगर निगम ऑफिस शांति नगर के उपभोक्ता परेशान रहे।

**लगातार ड्यूटी पर...**

दिया,और बच्चो में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी कराने के निर्देश दिए गए। प्रधानाध्यापक नवागुड़ा केओ प्रसाद और भुनेश्वरी साक्षी अनुपस्थित पाए गए। इनका एक दिन का वेतन और कारण बताओ नोटिस जारी करने की बात कही।बालक आश्रम नागलसर में डीईओ और उनकी टीम पहुंची। प्रधानाध्यापक प्राथमिक शाला चेरगोराम नाग अनुपस्थित पाए गए।। पूर्व में निरीक्षण पर वे शाला से नदारद थे। उनके खिलाफ ग्रामीणों ने भी शिकायत की थी। उनके इस कृत्य को गम्भीरता से लेकर जिलाशिक्षाधिकारी बघेल ने निलंबन की कार्यवाही करने की बात कही।आसपास के अन्य शालाओं में कन्या आश्रम नागलसर,पीएस सुरंदवाडा में भी निरीक्षण किया गया। उनके साथ एबीईओ राजेश गुप्ता और सीआरसी बुधराम भी उपस्थित थे।

**सभी की सहभागिता...**

सफाई व्यवस्था सुदृढ़ हो तथा नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिले। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लोगों ने न केवल सफाई कार्य में हाथ बंटाया बल्कि स्वच्छ शहर, स्वस्थ शहर का संदेश भी जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। नागरिकों का उत्साह यह दर्शाता है कि स्वच्छता अभियान अब जनआंदोलन का रूप ले रहा है। नगर निगम ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घर, गली और वार्ड की स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं और मिलकर जगदलपुर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ शहर बनाने में सहयोग दें। इस अवसर पर महापौर समेत , निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य, निगम आयुक्त, पार्षदगण, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, अधिकारी, कर्मचारी, शहर के गणमान्य नागरिक, एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता से इन सभी स्थानों पर सफाई, कचरा संग्रहण एवं नालियों की साफ-सफाई की गई।

**स्वच्छता के प्रति जागरूक जरूरी**- स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आज सिटी ग्राउंड के सामने स्थित पीएचई कार्यालय परिसर में भी साफ-सफाई कार्य किया गया। इस दौरान परिसर में झाडू लगाकर कचरा उठाया गया तथा आस-पास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया। नगर निगम का यह प्रयास शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

**नशीली टेबलेट व....**

गठन किया गया था। टीम ने एयरपोर्ट के पीछे करकापाल जंगल के पास प्रतिबंधित अवैध नशीली कैप्सूल बेचने ग्राहक का इंतजार कर रहे व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम राकेश झा 34 वर्ष निवासी धरमपुरा स्वेता कालोनी का रहने वाला बताया। उसके कब्जे से अवैध नशीली पाइवोन स्पॉस प्लस कैप्सूल के 39 पत्ता कीमत 3 हजार 88 रूपए बरामद कर जब्त किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई ललित सिंह नाग, लोकेश्वर नाग, एएसआई सुजाता नायडू, प्रधान आरक्षक पवन श्रीवास्तव, आरक्षक होरीलाल आर्मो, कामदेव दर्रो, युवराज, थानेन्द्र सिन्हा, विजय तिर्की व अजित सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**कालेज के करीब घेराबंदी कर पकड़ा**- नशीली दवा के खिलाफ दूसरी कार्रवाई पॉलीटेक्निक कालेज धरमपुरा के सामने करते हुए आरोपी को नशीली टेबलेट व कैप्सूल के साथ उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह बिक्री करने ग्राहक के इंतजार कर रहा था। आरोपी के स्कूटी कमांक सीजी-22-जी-7363 के डिक्की के अंदर तलाशी लेने पर अपने नशीली टेबलेट बरामद किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रदीप गोस्वामी 43 वर्ष निवासी लोकमान्य तिलक वार्ड धरमपुरा नंबर 2 का निवासी बताया। उसके कब्जे से दुपहिया एक्टिवा, मोबाइल, नशीली टेबलेट 957 नग एवं 64 नग अवैध नशीली कैप्सूल समेत 48 हजार 486 रूपए बरामद कर जब्त किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक भोलासिंह राजपूत के अलावा एसआई अरूण मरकाम, एएसआई प्रमोद सिन्हा, परिमल दास, आरक्षक रवि ठाकुर, बलराम कश्यप व उतम ध्रुव की अहम भूमिका रही।

# बहारगुड़ा पारा, परापुर व मांदर बाढ़ प्रभावित परिवारों को दिया राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत चित्रकोट बहारगुड़ा पारा, पारापुर और मांदर में हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने आज शासन के निर्देशानुसार आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर चित्रकोट क्षेत्र के विधायक विनायक गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे और स्वयं वितरण कार्य में सम्मिलित होकर जनसामान्य की समस्याएं सुनीं।बाढ़ के कारण कई ग्रामीण परिवारों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। घरों में पानी भर जाने, कृषि भूमि में क्षति, व दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कमी ने आमजन के जीवन को प्रभावित किया। शासन द्वारा तत्काल राहत के रूप में खाद्यान्न सामग्री, कपड़े, कंबल, दवाइयाँ और अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई गईं। विधायक गोयल ने प्रभावित परिवारों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण और आपदा प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत एवं पुनर्वास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।विधायक गोयल ने यह भी बताया कि प्रशासन द्वारा क्षेत्र का सर्वे कार्य निरंतर जारी है, और जो भी परिवार राहत से वंचित रह गए हैं, उन्हें भी शीघ्र सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी वास्तविक जरूरतमंद परिवार सहायता से वंचित न रहे।ग्रामीणों ने विधायक गोयल व शासन का आभार प्रकट किया और अपेक्षा जताई कि इसी तरह संवेदनशीलता से आगे भी सहायता मिलती रहेगी।

बाढ़ की आपदा के बीच इस त्वरित राहत वितरण कार्यक्रम ने न केवल पीड़ितों को तत्काल सहायता दी, बल्कि शासन की संवेदनशीलता और तत्परता का भी परिचय दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय, पूर्व विधायक लच्छुराम कश्यप, जनपद अध्यक्ष पदमा कश्यप, उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रभान कश्यप, मण्डल अध्यक्ष मंगतुराम कश्यप, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष लच्छिन यादव, मण्डल प्रभारी नरसिंह राव, जिला मंत्री बाबुल नाग, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रैतुराम बघेल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, सावेन्द्र सेठिया, शिवनंदन पेगड़, विनय मौर्य एवं पंचायत पदाधिकारी, तहसील प्रशासन, सामाजिक कार्यकर्ताओं स्थानीय जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### महिलाओं को स्वच्छ जल पर किया जागरूक



**बीजापुर।** ग्राम पंचायत रेड्डी में एक दिवसीय विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पदमुर कामकानार क्षेत्र की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह शिविर महिलाओं को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल के महत्व के प्रति जागरूक करने हेतु आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं को बताया गया कि दूषित पानी का सेवन अनेक गंभीर बीमारियों जैसे डायरिया, टाइफाइड और अन्य जलजनित रोगों का कारण बन सकता है इसलिए जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा के लिए हमेशा उबालकर या फिल्टर किया हुआ शुद्ध पानी पीना चाहिए।

### ओज़ोन दिवस पर कन्या परिसर में हुआ कार्यक्रम



**भोण्ड।** बस्तर शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें ओजोन परत नुकसान से होने वाले दुष्प्रभाव को छात्रों द्वारा नाटकीय मंचन के माध्यम से सराहनिय रूप से प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में इको क्लब प्रभारी अमृता चंदेल के साथ-साथ विज्ञान विषय के शिक्षक एवं समस्त स्टाफ सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। प्रचार्य ए आर नोन्हारे एवं समस्त स्टाफ द्वारा छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए इस मंचीय कार्यक्रम का सराहना करते हुए बहुत-बहुत बधाई और प्रेषित किया गया। कार्यक्रम में शकनुप्रिया दुल्हानी व्याख्याता द्वारा ओजन परत के नुकसान से होने वाले दुष्प्रभाव का तथा उसके संरक्षण के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

### नीलावाया के अंधे कत्ल का हुआ खुलासा



**दंतेवाड़ा।** ग्राम नीलावाया पटेलपारा थाना अरनपुर निवासी बंडी कोर्राम पिता स्व. बुधराम कोर्राम उम्र 62 की हत्या किसी अज्ञात द्वारा कर दी गई थी। घटना के संबंध में थाना अरनपुर में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर सूचना एवं संदेह के आधार पर सुनिल नेताम निवासी ग्राम नीलावाया पटेलपारा थाना अरनपुर को पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि बंडी कोर्राम की हत्या का प्रमुख कारण भूमि विवाद एवं पुराने मतभेद थे। 16 सितंबर को शाम लगभग 7 बजे उसने बंडी कोर्राम को अन्य आरोपियों के साथ घेरकर धारदार हथियार से गले में वार कर हत्या कर दी। घटना के समय पहने कपड़े को छुपाने तथा हत्या में प्रयुक्त हथियार को जंगल में छिपाने की जानकारी भी दी। आरोपी की निशानदेही पर अन्य आरोपी महेश कोर्राम निवासी ग्राम नीलावाया पटेलपारा को भी गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त हथियार एवं कपड़े जब्त किये गये हैं।

# गोलापल्ली जाने वाले मार्ग मेहता गांव में नवीन कैंप स्थापित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

जिला सुकमा के कोंटा विखं अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम मेहता में जिला पुलिस प्रशासन द्वारा नवीन सुरक्षा कैंप किया स्थापित

■ सुरक्षा बलों ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद हासिल की सफलता

गया। छत्तीसगढ़ शासन के नियद नेल्ला नार योजना से क्षेत्र की ग्रामीणों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से स्थापित किए गए इस कैंप के चलते अब क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण निर्मित होगा।

मानसून सत्र के अंतिम समय एवं कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद सुरक्षा बलों ने सभी चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए यह कैंप स्थापित किया है। इस कैंप के स्थापित होने से कोंटा-गोलापल्ली-किस्टाराम को सीधा कनेक्ट करने के दिशा में एक और कारगर कदम माना जा रहा है।

सुरक्षा कैंप की स्थापना से क्षेत्र में सुरक्षा वातावरण सुदृढ़ होगा तथा ग्रामीणों को विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से सीधे लाभान्वित होने का अवसर प्राप्त होगा। यह कदम माओवादियों के विरुद्ध एक बड़ी रणनीतिक सफलता है तथा ग्रामीणों के जीवन में शांति, सुरक्षा और विकास की नई दिशा प्रदान करेगा। वर्ष 2024 से अबतक जिला सुकमा में सुरक्षा बलों द्वारा कुल 16 नवीन कैम्पों की स्थापना किया गया है। नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना होने से नक्सल उन्मूलन में तेजी आई है। जिसके फलस्वरूप वर्ष 2024 से अबतक नक्सल विचारधारा को त्यागकर 518 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किये एवं सुरक्षा बलों ने विभिन्न अभियानों में 64 माओवादी को मार गिराने व 451 माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित हुई है।

आला अधिकारियों की मार्गदर्शन व प्रयास से अबतक के सफलताओं में इसे भी एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। यहां अब 18 सितंबर को सीआरपीएफ 219 वीं बटालियन का नवीन कैंप स्थापित कर दिया गया है।

### इन्द्रावती टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र अंतर्गत ग्रामों का होगा स्वैच्छिक विस्थापन

**बीजापुर।** इन्द्रावती टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा सूचित किया जाता है कि टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में स्थित ग्रामों के स्वैच्छिक विस्थापन के संबंध में पूर्व में 21 ग्रामों का चयन किया गया था। इन ग्रामों के विस्थापन की प्रक्रिया केवल ग्रामवासियों की पूर्ण स्वेच्छा और ग्रामसभा के प्रस्ताव के आधार पर ही की जाएगी। वर्तमान में इन ग्रामों के विस्थापन हेतु शासन स्तर पर कोई योजना प्रस्तावित नहीं है। इन्द्रावती टाइगर रिजर्व प्रबंधन यह पुनः स्पष्ट करता है कि जब तक संबंधित ग्रामवासी स्वयं स्वेच्छा से विस्थापन हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं करते, तब तक शासन अथवा वन विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की जबरन विस्थापन की कार्रवाई नहीं की जाएगी। ग्रामवासियों के अधिकारों का सम्मान करते हुए, सभी प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता और उनकी सहमति से ही संचालित की जाएगी। उक्त जानकारी उप निदेशक इन्द्रावती टाइगर रिजर्व, बीजापुर द्वारा दी गई है।

# सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता पर किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

विकासखण्ड दरभा की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी के नेतृत्व और प्राचार्य दीपक कुमार घोष जी के मार्गदर्शन में आज सेवा पखवाड़ा के तीसरे दिन में प्लास्टिक मुक्त अभियान और मलेरिया जागरूकता अभियान हेतु साप्ताहिक बाजार डुरकीगुड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना छिंदबहार द्वारा लोगों को प्लास्टिक के नुकसान और गंदगी से मलेरिया के बारे में नुक्कड़ नाटक से जागरूक किया गया। साथ ही संस्था में व्याख्याता बुधराम कश्यप के नेतृत्व तथा सभी शिक्षकों के सहयोग से स्वच्छता पखवाड़ा का भी आयोजन किया जा रहा है और शाला के आसपास, अपने घर, सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता बनाए रखने, बच्चों तथा लोगों को लगातार जागरूक करने की कोशिश किया जा रहा है। प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर रासेयो सहायक मनोहर सिंह बरनाला, इको क्लब प्रभारी बुधराम कश्यप, स्वयं सेवक महादल नायिका खुशबू कश्यप, उप महादल नायक रोहित कश्यप, काजल, अनित, रविन्द्र, नेहा, अंकिता, राधिका, यशोदा, गुड़िया, सरिता, सूरज, इशांत, राखी राम, रमिला, अनुराधा, आदि उपस्थित रहे। लोगों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रयास की सराहना किए और स्वच्छता अपनाने हेतु शपथ लिए।

### 290 बच्चों का हुआ नेत्र परीक्षण, 6 बच्चों में दृष्टि दोष



**बस्तर।** बस्तर जिले के बस्तर ब्लॉक के कोलचूर सेक्टर में रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय टकरागुडा,परचनपाल एवं मिडिल स्कुल टाकरागुड़ा, परचनपाल में बाल नेत्र सुरक्षा अभियान के तहत नेत्र परीक्षण 290 स्कूली बच्चों का किया गया। नेत्र सहायक अधिकारी तिलक नाग एवं योगिता नाग के द्वारा सभी स्कूली बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया। नेत्र सुरक्षा जांच व नेत्रदान के महत्व पर जानकारी दी गई।नेत्र परीक्षण में 6 बच्चों को दृष्टि दोष पाए जाने पर चश्मा नंबर दिया गया।नेत्रदान को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि एक नेत्रदान से दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को रोशनी मिल सकती है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के आधिकारिक कर्मचारी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# तालाबों, श्मशान घाट व प्राचीन मेला स्थल से अतिक्रमण हटाने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

नगर पंचायत बस्तर क्षेत्र में लगातार हो रहे अतिक्रमण को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे सहित पार्षदों सहित ग्रामीणों ने तहसीलदार को अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि 10 दिन के भीतर कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन किया जायेगा।

■ 10 दिन के भीतर कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन करने की दी चेतावनी

नगर पंचायत बस्तर के 22 पारा के ग्रामीणों ने सैकड़ो की संख्या में ग्राम देवी गंगादेई माता मंदिर में शुक्रवार को नगरवासी पार्षद, कोटवार, पुजारी सहित नागरिकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से नगर पंचायत बस्तर में लगातार अतिक्रमण कर सरकारी भूमि की खरीदी बिक्री कर मकान निर्माण किया जा रहा है। बस्तर के 22 पारा में हल्बी में पुरानी कहावत है सात आगर सात कोड़ी तालाब, इसका अर्थ 147 तालाब बस्तर में था जो आज कागजों पर ही सीमित है। लगातार तालाबों की मेड और तालाब में मकान निर्माण किया जा रहा है। अतिक्रमणकारियों के द्वारा तालाब की भूमि में फसल लगाकर अवैध कब्जा किया गया है। नगर पंचायत क्षेत्र के श्मशान घाट, प्राचीन मेला स्थल को भी अतिक्रमणकारियों ने नहीं छोड़ा कब्जा करके रखे हैं। ग्रामीणों ने जानकारी में बताया कि अगर इसी तरह तालाब के मेड़ो पर अवैध कब्जा किया जा रहा है कुछ तालाबों को मिट्टी पाठ कर खेती किया जा रहा हैं। इसी तरह तालाबों को कब्जा किया गया तो आने वाले समय में तालाबों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। ग्राम वासियों ने तहसीलदार जॉली जेम्स को ज्ञापन देते हुए अनुरोध किया कि जितना तालाबों में कब्जा किए हैं।कब्जा मुक्त कर मेड़ो में पौधारोपण किया जाए एवं सरकारी भूमि को खरीदी बिक्री कर मकान निर्माण करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किया जाए। ज्ञापन सौपने के दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ ग्रामीण लखेश्वर कश्यप, पार्षद नरसिँह नागेश, पार्षद सीताराम बघेल,पार्षद जितेंद्र पटेल, सहदेव बघेल, रामसिंग, गणपत, मुन्ना, पूरन, महेंद्र, पारो, फागुराम, समु, गुड्डू, हेमबती, कुंजी, मोहन राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया और जल्द ही अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग की गई।

### नशामुक्ति अभियान के तहत मैराथन दौड़ आज

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती वर्ष 2025-26 के तहत बीजापुर जिले में समाज कल्याण विभाग की ओर से सेवा पखवाड़ा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत 21 सितम्बर को प्रातः 7 बजे से नशामुक्ति अभियान मैराथन ओपन कैटेगरी-महिला एवं पुरुष पृथक-पृथक का आयोजन आत्मनिर्भर भारत, फिट इंडिया व नशामुक्त भारत के टैग लाईन के तले किया जाना है। जिसमें बीजापुर जिले में निवासरत किसी भी आयु वर्ग के प्रतिभागी उक्त मैराथन में भाग ले सकते हैं। मैराथन में महिला एवं पुरुष दोनो वर्गों के लिये पृथक-पृथक नगद पुरूस्कार राशि प्रदाय किया जाएगा। मैराथन में भाग लेने हेतु मैराथन प्रारंभ स्थल कलेक्टोरेट परिसर बीजापुर में 21 सितम्बर को प्रातः 6:30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य है।

# पदोन्नति से वंचित शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



राज्य के दंतेवाड़ा, सुकमा, जगदलपुर, कोंडागांव, बलरामपुर, मोहला-मानपुर-चौकी सहित विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में शिक्षक व्याख्याता पदोन्नति प्रक्रिया में हुई त्रुटियों को शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से भेंट किए। शिक्षकों ने बताया कि 22 जुलाई को जारी पदोन्नति आदेश में विभागीय त्रुटि के कारण अनेक पात्र शिक्षक पदोन्नति सूची से बाहर रह गए हैं।

यद्यपि दंतेवाड़ा एवं सुकमा जिले के इन शिक्षकों के प्रस्ताव पहले ही लोक शिक्षण संचालनालय को भेजे जा चुके हैं, यहां तक कि गोपनीय चरित्रावली एवं चल-अचल संपत्ति विवरण भी जमा हो चुके हैं। इसके बावजूद रिव्यू डीपीसी अब तक आयोजित नहीं हो पाई है। वर्तमान परिस्थिति में व्याख्याता पद के लिए काउंसलिंग की तिथि घोषित हो चुकी है, लेकिन इन शिक्षकों को इसमें सम्मिलित होने का अवसर नहीं मिल पा रहा है। परिणामस्वरूप वरिष्ठता क्रम में होने के बावजूद वे अपने कनिष्ठों से पिछड़ने की स्थिति में पहुँच जाएंगे और संस्था चयन का अवसर भी उनसे छिन जाएगा। शिक्षकों की इस गंभीर समस्या को शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने विस्तार से सुना और उन्हें उचित एवं त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय को इस प्रकरण में नियमों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया है। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि वे विभाग से न्याय की आस में टकटकी लगाए हुए हैं। शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने मांग की है कि काउंसलिंग से पूर्व रिव्यू डीपीसी कर पदोन्नति आदेश जारी किया जाए, तत्पश्चात वरिष्ठता क्रम के अनुसार काउंसलिंग में शामिल कर उनके साथ न्याय सुनिश्चित किया जाए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने से ग्रामीण हो रहे वंचित : ताटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रति सरकार गंभीर नहीं है। यही वजह है कि ग्रामीणजन अब भी जर्जर मकान में रहने पर मजबूर हैं। यह बात बीजापुर जिला पंचायत के पूर्व सदस्य बसंत राव ताटी ने कही।

ताटी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भोपालपटनम विकासखंड में शासन की अति महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। अपनी बात की पुष्टि के लिये उन्होंने ग्राम पंचायत अटुकपल्ली के आश्रित ग्राम नरोन्हापल्ली निवासी कंती नरसैया का उदाहरण दिया। ताटी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने के कारण कंती नरसैया का परिवार जर्जर मकान में रहने पर मजबूर है। इनके मकान की हालत ऐसी है कि ढहने से कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। लेकिन प्रशासन को इसकी परवाह बिल्कुल नहीं है।पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि जहाँ एक ओर वर्तमान डबल इंजन की सरकार सुशासन का ढोल पीट रही है, वहीं दूसरी ओर गरीब आदिवासी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने से भी वंचित हैं। उन्होंने कहा कि यह पीड़ा अकेले सिर्फ नरोन्हापल्ली निवासी कंती नरसैया की ही नहीं है, बल्कि पूरे भोपालपटनम क्षेत्र की है और यह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रही लापरवाही का जीता जागता प्रमाण भी है।

ताटी ने कहा कि तत्कालीन बस्तर जिले के कलेक्टर रहे नरोन्हा द्वारा बसाये गये ग्राम नरोन्हापल्ली की इस तस्वीर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रति साय सरकार की घोर उदासीनता की पोल खोलकर रख दी है। बसंत ताटी ने इस प्रकरण में पीड़ित परिवार को तत्काल राहत पहुँचाने कि मांग जिला प्रशासन से की है।

# सरपंचों की शिकायतों को लेकर विधायक ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



पंचायत सचिवों की मनमानी और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के खिलाफ बकावंड जनपद पंचायत में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस जनप्रतिनिधियों ने धरना प्रदर्शन किया। धरना करीब 2 घंटे से अधिक समय तक चला, जिसमें क्षेत्र के सरपंच, उप सरपंच, पूर्व सरपंच, पंच, कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विगत दिनों विधायक लखेश्वर बघेल ने अपने निवास पर बकावंड क्षेत्र के सरपंचों के साथ बैठक की थी, जहां सरपंचों ने शिकायत की थी कि पंचायत सचिवों की कार्य के प्रति सुचारू रूप नहीं लेना और अन्य कार्यों में जनता की अन्य काम पर उनकी निराकरण नहीं करना सचिव को गांव में विकसित कार्यो पर ध्यान आकर्षण, नहीं करना ही वास्तविक कार्य पर अवहेलना पर सवाल उठता हैं जिससे पंचायत के कार्य प्रभावित हो रहे हैं फरसीगांव, उड़ियापाल, संवरा, छोटे जिराखाल, मूली, बनियागांव सहित सतलावंड जैसे अन्य ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने यह मुद्दा उठाया था। धरने के दौरान विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों का सम्मान करना चाहिए और जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा या अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा मेरी मंशा है कि छोटे से बड़े हर जनप्रतिनिधि का सम्मान हो। अधिकारी जनभावना को समझें और उसी अनुरूप कार्य करें।

# किसानों की समस्याओं को लेकर संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



भारतीय किसान संघ ब्लॉक इकाई गीदम द्वारा तहसीलदार के माध्यम से किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान किसान संघ अध्यक्ष मधुसूदन ठाकुर सहित क्षेत्र के कई किसान उपस्थित रहे। किसानों का कहना है कि खाद, बिजली, पानी की समस्या को लेकर किसान बहुत व्यथित है। प्रदेश में ये समस्याएं विकराल रुप धारण करते जा रही हैं। खाद के लिए प्रदेश में मारामारी हो रही है। किसान खाद महंगे दामों में लेने हेतु विवश हो गया है। बिजली कटौती से किसान त्रस्त है। नहरों का पानी अंतिम गांव तक पहुंच नहीं पाता है। ऐसे में किसान खेती कैसे कर पायेगा।




समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी
दन्तेवाड़ा, जिला दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

// शपथ पत्र //

मैं हिडमें सोरी पति हिंगा उम्र 48 वर्ष, निवासी बड़े बेड़मा (पटेलपारा), पोस्ट बड़े बेड़मा तहसील कटेकल्याण, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा छ.ग. की निम्नलिखित कथन करती हूँ किः-

1. यह कि मेरे सौतेले पुत्र का नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 4146 5384 7660 में मेरे पुत्र की नाम मासा सोरी पिता हिंगा (MASA SORI S/O HINGA) एवं जन्मतिथि 28/06/2009 अंकित है, जो कि गलत एवं त्रुटिपूर्ण है ।
2. यह कि मेरे सौतेले पुत्र का वास्तविक व सहीं नाम लालु सोरी पिता हिंगा राम सोरी (LALU SORI S/O HINGA RAM SORI) एवं जन्मतिथि 16/02/2010 अंकित है, जो कि सत्य एवं सहीं है जो कि मेरे सौतेले पुत्र के शैक्षणिक प्रमाण पत्र में दर्ज नाम से प्रमाणित है।
3. यह कि मेरे सौतेले पुत्र के उक्त आधार कार्ड में अंकित त्रुटिपूर्ण नाम मासा सोरी पिता हिंगा (MASA SORI S/O HINGA) एवं जन्मतिथि 28/06/2009 के स्थान पर वास्तविक एवं सहीं नाम लालु सोरी पिता हिंगा राम सोरी (LALU SORI S/O HINGA RAM SORI) एवं जन्मतिथि 16/02/2010 अंकित अंकित किया जावें।
4. यह कि उक्त शपथ पत्र में मेरे सौतेले पुत्र का नाम आधार कार्ड में नाम एवं जन्मतिथि सुधार करने के समर्थन में प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ता
हिडमें सोरी

// सत्यापन //

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठापूर्वक यह सत्यापित करती हूँ कि शपथपत्र की कंडिका 01 से 04 की कथन मेरे स्वतः के ज्ञान एवं विवेक विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है। आज दिनांक 18/09/2025 स्थान दन्तेवाड़ा में उपस्थित होकर हस्तारक्षरित किया है।

सत्यापनकर्ता
हिडमें सोरी

**खबर संक्षेप**

## महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**सुकमा**। राज्य शासन के निर्देशानुसार स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत बुधवार को जिले के चार स्वास्थ्य केंद्रों में शिविर आयोजित किए गए। जिला अस्पताल , प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरईगुड़ा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छिंदगढ़ एवं उप स्वास्थ्य केंद्र गोंगला में आयोजित इन शिविरों में महिलाओं का प्राथमिकता के साथ स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी एवं नगर पालिका परिषद् उपाध्यक्ष भुवनेश्वरी सोयम मुक्का, सीएमएचओ डॉ आरके सिंह, सीएस डॉ. एमआर कश्यप, डीपीएम डॉ. गीतू हरित सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। शिविरों में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य संबंधी जाँच कराई और आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य को सशक्त बनाना और परिवार में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना है।

## महापौर ने सुनी जनता की समस्याएं



**जगदलपुर**। महापौर संजय पांडे आज सुबह से ही नगर निगम कार्यालय में बैठे और आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए ताकि नागरिकों को समय पर राहत मिल सके। महापौर ने कहा कि नगर निगम का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसलिए सभी संबंधित विभागों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना चाहिए।

## प्रशिक्षणार्थी को दी गई पशु नस्ल सुधार की जानकारी

**जगदलपुर**। जिला प्रशासन तथा संयुक्त संचालक पशु चिकित्सालय सेवाएं के निदेर्शानुसार डीएमएफटी फंड से बस्तर जिले के प्रशिक्षणार्थी का कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ता योजना का प्रशिक्षण हुआ। जगदलपुर में 30 दिनों का आवासीय सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण 18 अगस्त से 16 सितंबर तक में सम्पन्न हुआ। 30 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में कृत्रिम गभार्धान संबंधी कक्षा एवं प्रैक्टिकल टेज्निंग के साथ पशुओं में नस्ल सुधार, प्रबंधन, प्रजनन, पोषण, विभिन्न बिमारियों के लिए टीकाकरण, बधियाकरण, विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। कृत्रिम गभार्धान केंद्र शासकीय शहीद गुण्डाधुर कृषि एवं अनुसंधान केंद्र, कुम्हरावंड , कृषि विज्ञानं केंद्र, कुम्हरावंड, हैप्पी गौशाला कुरुंदी क्षेत्रों में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया । 30 दिवसीय प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को 60 दिवसीय मैदानी क्षेत्र में मैदानी प्रशिक्षण 17 सितंबर से 15 नवंबर तक प्रदाय किया जाएगा ।

# एक पेड़ मां के नाम बच्चों ने पौधों को परिवार का हिस्सा मानकर लिया गोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



प्रकृति और मानवता के बीच के अटूट रिश्ते को मजबूत करते हुए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मारकेल में पीपल्स केयर सामाजिक संस्था द्वारा एक अत्यंत प्रेरणादायक कार्यक्रम 'एक पेड़ माँ के नाम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मूल संदेश एक पीपल एक परिवार था, जिसने पेड़ को केवल एक पौधा नहीं,बल्कि परिवार का एक सदस्य मानने की भावना को जगाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग थे,जिनकीउपस्थिति ने आयोजन को और भी खास बना दिया। उनके साथ खंड शिक्षा अधिकारी,उपाध्यक्ष और सरपंच जैसे कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। पीपल्स केयर संस्था के अध्यक्ष सुरेश यादव ने भी इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि नाग ने कहा ने पीपल्स केयर संस्था के कार्यो की सराहना करते हुए कहा आज मैं एक ऐसे पवित्र विचार का गवाह बन रहा हूँ,जिसने मेरे हृदय को छू लिया है। पीपल्स केयर संस्था ने हमें केवल पेड़ लगाने की सीख नहीं दी,बल्कि उन्हें परिवार का एक जीवंत सदस्य मानने की भावना सिखाई है। 'एक पीपल एक परिवार' का यह नारा सिर्फ एक वाक्य नहीं, बल्कि हमारे और प्रकृति के बीच एक अटूट रिश्ते का सूत्र है। उन्होंने आगे कहा,जब हम एक पौधा लगाते हैं और उसे अपनी माँ के नाम से जोड़ते हैं, तो वह सिर्फ एक पेड़ नहीं रहता। वह हमारी माँ की ममता, उनका आशीर्वाद और उनका शाश्वत प्रेम बन जाता है। इस कार्यक्रम का सबसे दिल छू लेने वाला पल तब आया जब विद्यालय के बच्चों ने अपनी स्वेच्छा से लगाए गए पौधों को गोद लिया। उन्होंने इन नन्हे पौधों को तब तक सुरक्षित रखने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया,जब तक कि वे पूरी तरह से बड़े होकर एक मजबूत पेड़ न बन जाएं। पीपल्स केयर संस्था ने इस कार्यक्रम में लगाए गए सभी पौधे और उनकी सुरक्षा के लिए आवश्यक सामग्री (ट्री गार्ड ) उपलब्ध कराई, ताकि वे सुरक्षित रहें और उनका उचित विकास सुनिश्चित किया जा सके।

# बाल विवाह रोकना ही नहीं, बच्चियों को शिक्षा और सुरक्षित भविष्य देना भी जरूरी : सोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



जिला प्रशासन सुकमा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को सुरक्षित करने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित शबरी ऑडिटोरियम में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ विषय पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसने न केवल सामाजिक जागरूकता को नई दिशा दी बल्कि पोषण, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को भी केंद्र में रखा।

कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रतिभागियों को बाल विवाह की रोकथाम, उसके दुष्प्रभाव और समाज पर पड़ने वाले दीर्घकालीन असर के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही पोषण माह के अंतर्गत एक सेल्फी जोन भी तैयार किया गया, ताकि लोग स्वस्थ जीवनशैली और पोषण के महत्व को आत्मसात कर सकें। कार्यक्रम की स्मृति को स्थायी बनाने के लिए अतिथियों से पोस्टर पर हस्ताक्षर भी लिए गए। महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल बाल विवाह रोकना ही नहीं है, बल्कि बच्चियों को सुरक्षित वातावरण, बेहतर पोषण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अपने सपनों को पूरा करने का अवसर देना भी है। एक शिक्षित और सशक्त बच्ची ही कल का मजबूत समाज और प्रगतिशील छत्तीसगढ़ बनाएगी। मैं विश्वास दिलाती हूँ कि महिला आयोग इस मुहिम में जिला प्रशासन और समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा, ताकि 'बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़' का सपना जल्द ही साकार हो सके। इस अवसर पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने कार्यशाला को संबोधित कर बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के बारे में अपने अनुभव साझा किए।

उल्लेखनीय है कि बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की शुरुआत 10 मार्च 2024 से की गई थी, जिसका उद्देश्य है समाज में व्यापक जागरूकता फैलाना, समुदाय को बाल विवाह की रोकथाम में सक्रिय करना तथा किशोरी बालिकाओं के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य को सुनिश्चित करना। इसी दिशा में जिला प्रशासन सुकमा द्वारा यह विशेष प्रशिक्षण एवं कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में घरेलू हिंसा, बालिका संरक्षण, डिजिटल साक्षरता, महिला सशक्तिकरण, किशोरी बालिकाओं की शिक्षा, स्वच्छता अभियान एवं पूरक पोषण आगार जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने के लिए शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मंगम्मा सोयम, उपाध्यक्ष महेश कुंजाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुकमा संतोष इड़ो, जनपद पंचायत अध्यक्ष छिंदगढ़ देवली बाई, नगर पालिका उपाध्यक्ष भुवनेश्वरी यादव, जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम, संजना नेगी, गीता कवासी, माड़े बारसे, जिला कार्यक्रम अधिकारी शिवदास नेताम, जिला बाल संरक्षण अधिकारी जितेंद्र सिंह, डीएसपी मोनिका श्याम, महिला थाना प्रभारी पद्मा जगत, जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाईजर, सरपंच-सचिव एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# ग्राम वासियों को नहीं मिला वन अधिकार पट्टा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वन अधिकार पट्टा एवं गूगल नक्शा प्रदान करने को लेकर वर्ष 2021 से आज तक अपनी लड़ाई लड़ रहे मोहलई के ग्राम वासियों के साथ आज बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद के नेतृत्व में कोंडागांव डीएफओ कार्यालय का घेराव किया गया ।

उन्होंने कहा कमिश्नर ,कलेक्टर ,संबंधित वन अधिकारी सभी को आवेदन सौंपा जा चुका है परंतु आज तक कागजी कार्यवाही के सिवा कार्यवाही या फैसला ग्रामीणों के पक्ष में नहीं हुआ। जिसके चलते ही विवश होकर मुक्ति मोर्चा को ग्राम वासियों के साथ सड़क पर उतरकर आज घेराव करना पड़ा।

कोंडागांव गांव ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मोहलई और माकड़ी के बीच का यह मामला वर्ष 1996-97 का है। ग्रामीण वहां कास्त करते आ रहे थे । जहां के लोगों का कहना है कि माकड़ी वन समिति द्वारा कब्जा कर रोका जा रहा है। नवनीत ने कहा 2 ग्राम पंचायत के बीच इस विवाद को एसडीओ डीएफओ जैसे जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जिला समिति के गठन कर पर्याप्त जांच एवं प्रस्तावित दस्तावेज के आधार पर जो पक्ष सही पाया जाता है उसके पक्ष में फैसला होना चाहिए । उन्होंने कहा कि ग्रामवासी वन अधिकार पट्टे और गूगल नक्शा को लेकर भटक रहे हैं ।

इस दौरान कोंडागांव जिला अध्यक्ष शंकर नेताम, युवा मोर्चा संभागीय अध्यक्ष, विनोद शोरी, जिला महामंत्री उदय भंडारी, जिला संगठन मंत्री चामसिंह कश्यप, जगदलपुर महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रिया यादव, शहर मंडल महामंत्री जगदलपुर सुरेश नाग, शहर मंडल सचिव निहारिका सिंह, बस्तर जिला प्रवक्ता अलका नदान एवं कार्यकर्ता, उपस्थित रहे।

# चिकित्सक होकर चित्र उकेरने वाली शांति को मिली लोगों की सराहना



हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

बस्तर आर्ट गैलरी में डॉ. शांति पांडे के बनाए चित्रकला की प्रदर्शनी को देखने महापौर संजय पांडे पंहुचे। उन्होंने प्रशंसा करते कहा कि यह शहर के लिए गौरव की बात है कि एक स्त्री रोग चिकित्सक होने के साथ चित्रकला की बेहतरीन कलाकार हमारे बीच में है। इस दौरान महापौर का स्वागत बस्तर आर्ट की बनाई कोटी एवं नेताजी की टोपी पहनाकर किया गया।

डॉ शांति पांडे ने बताया कि बस्तर आर्ट गैलरी में पहली बार चित्रकला की प्रदर्शनी लगाया गया। शहर के कला प्रेमियों के लिए एक छोटा सा प्रयास था। इस दौरान बड़ी संख्या में शहर के लोग रोजाना चित्रकला की प्रदर्शनी देखने पंहुचे। बाहर से आये पर्यटक भी चित्रकला प्रदर्शनी को देखकर मुंबई में प्रदर्शनी लगाने की सलाह दी। वहीं अपने विचार लोगों ने अंकित कर मार्गदर्शन दिया। शहर के वरिष्ठ कलाकारों ने भी सराहा। कलाकार ने सहयोग के लिए सबका आभार माना।

## सड़क पर बैठे गोवंशों को हटाने सक्षम चलाएगा कल से अभियान

**जगदलपुर**। सड़क पर बैठे गोवंशों को हटाने अभियान चलाने और लापरवाह गोवंश पालकों पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की मांग को लेकर सनातन क्षेत्रीय मंच (सक्षम) ने निगम आयुक्त को मांगपत्र सौंपा है। मांगपत्र में सक्षम पदाधिकारियों ने कहा कि शहर की सड़कों पर बड़ी संख्या में गोवंश बैठे रहते हैं,जिससे यातायात प्रभावित होने के साथ ही सड़क हादसों का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में ये हालात जनहित और जनसुरक्षा के लिए गंभीर समस्या है। उन्होंने कहा कि शनिवार से सक्षम शहर की सड़कों पर बैठे गोवंशों को हटाने विशेष अभियान चलाएगा, जिसके तहत सड़क पर पाए जाने वाले गोवंशों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जाएगा। वहीं जो भी गौ-पालक उन्हें छुड़वाने आएंगे, उनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत एफआईआर भी दर्ज करवाई जाएगी। सक्षम पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे पशुपालक,जो अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं करते और गोवंशों को सड़कों पर खुला छोड़ देते हैं, उन्हें पशुपालन का कोई अधिकार नहीं है। ऐसे पशुपालकों के खिलाफ एफआईआर होनी ही चाहिए। इस पर उन्होंने त्वरित और कड़ी कार्रवाई की मांग निगम आयुक्त से की है।

# जिले के समग्र विकास के लिए समन्वित प्रयास करें अधिकारी : वेदवती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक शनिवार को जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने जिले के समग्र विकास के लिए सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा समन्वित प्रयास करने पर जोर देते हुए कहा कि विभागीय योजनाओं का धरातल पर कारगर क्रियान्वयन कर पात्र ग्रामीणों को सेचुरेशन किया जाए।

साथ ही अधोसंरचना विकास कार्यों को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विभागीय योजनाओं के कार्यान्वयन स्थिति की नियमित तौर पर मॉनिटरिंग कर उल्लेखनीय प्रगति लाने पर बल दिया। बैठक के दौरान वन विभाग के अधीन अधिकारियों और कर्मचारियों की पदस्थापना की स्थिति पर चर्चा की गई। इसके अलावा अप्रैल 2025 से स्वीकृत निर्माण कार्यों पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत मलेरिया-मुक्त बस्तर अभियान की प्रगति, मच्छरदानी वितरण, उप-स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति पर चर्चा की गई। स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत स्कूल शौचालयों और अतिरिक्त कमरों के लिए स्वीकृत धनराशि और निर्माण एजेंसियों पर चर्चा की गई। पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत निर्माण और विकास कार्यों के लिए जनपद पंचायतों को प्रदान की गई धनराशि और अप्रैल 2025 से स्वीकृत निर्माण कार्यों की स्थिति पर चर्चा की गई। कृषि विभाग अंतर्गत एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन के संबंध में चर्चा की गई। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, आदिवासी विकास विभाग और सहकारिता विभाग तथा वित्तीय वर्ष 2022 से 2025 तक के लिए खेल और युवा कल्याण विभाग के बजट और कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई।

बैठक में अध्यक्ष समेत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जिला पंचायत के सदस्य, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सर्व विश्वकर्मा वंशी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 5 को

**जगदलपुर**। छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा मय (बढ़ई) मनु (लोहार) कल्याण संघ की ओर से पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडियोरियम रायपुर में 5 अक्टूबर की सुबह 8 बजे से सर्व विश्वकर्मा वंशी युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसके लिए संघ के प्रदेश महामंत्री अजय शर्मा ने जोर-शोर से प्रचार किया जा रहा है, उन्होंने विश्वकर्मा जयंती पर शहर के गंगामुंडा तालाब किनारे स्थित मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं की इसकी जानकारी दी और सम्मेलन में जाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में अब तक 250 से अधिक लोगों ने पंजीयन कराया है।

# सेवा पखवाड़ा में भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता दे रहे प्रत्यक्ष योगदान : पांडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनाये जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शनिवार को भाजपा जगदलपुर पश्चिम मण्डल ने महारानी जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जगदलपुर पश्चिम मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा सहित 13 लोगों ने रक्तदान किया। भाजपा के 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाये जा रहे सेवा पखवाड़ा में प्रतिदिन सेवा कार्य भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा संपन्न हो रहे हैं। महारानी जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में संजय चंद्राकर, ब्रिजेश शर्मा,अविनाश सिंह गौतम, विनोद पाण्डेय, करमजीत कौर,बलीराम बघेल, नीलेश सिंह, राज दुर्गा, सौरभ मोटवानी, अजय सेठिया, राजेश मांझी, मनीष तिवारी ने रक्तदान किया। भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि सेवा पखवाड़ा में भाजपा कार्यकर्ता आमजनों को जोड़कर सेवा कार्यों को सफल रुप दे रहे हैं। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा में अपना प्रत्यक्ष योगदान दे रहा है।

# फर्जी अस्पताल और क्लीनिकों पर स्वास्थ्य विभाग का कोई नियंत्रण नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार,कमीशनखोरी और अव्यवस्थाओं का पर्दाफाश करते हुए इसे कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार का अड्डा करार दिया है। इस संबंध में युवा कांग्रेस ने जिला प्रशासन को मांगपत्र सौंपते हुए मुख्यमंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। युवा कांग्रेस के पदाधिकारियो ने स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर आरोप लगाते कहा रायपुर,विशाखापटनम और हैदराबाद के निजी अस्पतालों से मिलीभगत कर बस्तर के गरीब मरीजों को जबरन रेफर किया जा रहा है। विभागीय अधिकारी निजी अस्पतालों से मोटा कमीशन लेकर मरीजों की जिंदगी को नीलाम कर रहे हैं। फर्जी अस्पताल और क्लीनिक एवं पैरामेडिकल कॉलेज मनमानी ढंग से संचालित हो रहे है,इन फर्जी अस्पताल और क्लीनिकों पर स्वास्थ्य विभाग का कोई नियंत्रण नही है। यही कारण है,कि जिले में कई अस्पताल और क्लीनिक बिना मानकों के फर्जी कागजों पर चल रहे हैं। विभाग इन पर आंख मूंदे बैठा है और इनके संरक्षण में हजारों गरीब मरीजों की जिंदगी खतरे में डाली जा रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी
कालडा हॉस्पीटल में
जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
किडनी रोग विभाग
- किडनी फेलयर (ARF/CRF)
- डायलिसीस
- बच्चों की किडनी की समस्त प्रकार की बीमारी
- नेफ्रोटिक सिंड्रोम
- हाई बीपी (HIGH BP)
- PCNL
- AV FISTULA
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
28 अक्टूबर 2025
10 नवंबर 2025
16 दिसंबर 2025
18 जनवरी 2026
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)